# लोक शिक्षण संचालनालय,मध्यप्रदेश

गौतम नगर, भोपाल – 462021
ई–मेल physicaldpi@mp.gov.in

क्र./शा.शि./ई/01/ऑनलाईन क्री. शुल्क./2025/424 भोपाल, दिनांक 27/6/2025

प्रति,

1. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक,
   लोक शिक्षण म0प्र0।
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
   म0प्र0।

विषयः–सत्र 2025–26 हेतु खिलाड़ी छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन पंजीयन/नॉमिनेशन करने विषयक।

–0–

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि वर्ष 2025–26 में आपके संभाग/जिले अन्तर्गत समस्त शासकीय/अशासकीय विद्यालय का पंजीयन एवं मध्यप्रदेश शालेय खेलकूद प्रतियोगिताओं में सहभागिता हेतु खिलाड़ी छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन पंजीयन/नॉमिनेशन स्पोर्टस मैनेजमेंट सिस्टम की बेवसाइड http://dpisports.in के माध्यम से दिनांक 01.07.2025 से 31.08.2025 तक किया जाना सुनिश्चित करें।

एस.जी.एफ.आई. पोर्टल के अनुरूप कुल 06 मूल दस्तावेजों (जन्म प्रमाण पत्र/मार्कशीट/आधार/फोटो/हस्ताक्षर/पात्रता प्रमाण पत्र ) का परीक्षण कर प्रतिभागियों के पंजीयन करने के समय वेबसाइड पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। कोई विद्यार्थी पंजीयन/नॉमिनेशन नहीं होने के कारण खेलकूद गतिविधियों में भाग लेने से वंचित होता है तो सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका एवं संबंधित जिला क्रीड़ा अधिकारी का होगा।

विकासखण्ड, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर सहभागिता करने वाले खिलाड़ियों के मैरिट एवं सहभागिता प्रमाण पत्र स्पोर्ट्स मैनेजमेंट सिस्टम के द्वारा प्रतियोगिता उपरांत ऑनलाईन जनरेट किये जाने संबंधी प्रक्रिया का मेन्युअल व्हाटसप अथवा स्पोर्ट्स मैनेजमेंट सिस्टम की बेवसाइड पर अपलोड कर दी जावेगी।

(के.के.द्विवेदी)
संचालक
लोक शिक्षण म0प्र0।

पृ0क्र./शा.शि./ई/01/ऑनलाईन क्री. शुल्क./2025/425 भोपाल, दिनांक 27/6/2025

प्रतिलिपिः–

1. निज सहायक, माननीय मंत्री, स्कूल शिक्षा म0प्र0 शासन भोपाल।
2. प्रमुख सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय भोपाल।
3. प्रमुख सचिव, म0प्र0 शासन स्कूल शिक्षा विभाग।
4. आयुक्त , जनजाति कार्य विभाग, सतपुड़ा भवन भोपाल।

5. महाप्रबंधक, नेशनल इन्फोर्मेशन सेंटर सार्विसेस इन्कोर्पोरिटेड, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
6. समस्त जिला क्रीड़ा अधिकारी , मध्यप्रदेश की ओर भेजकर लेख है कि जिला अन्तर्गत समस्त शासकीय/अशासकीय विद्यालयों में उक्त पत्र का प्रसारण कर खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वाले खिलाड़ियों को ऑनलाईन पंजीयन कराने हेतु सूचित एवं निर्देशित करें।
7. समस्त प्राचार्य, शासकीय/अशासकीय की ओर भेजकर लेख है कि पत्र का अवलोकन कर पालन सुनिश्चित करें।
8. श्री आनन्द मिश्रा, निक्सी भोपाल की ओर भेजकर लेख है कि दिनांक 03.04.2025 को आयोजित बैठक में की गई अनुशंसाऐं का कार्यवाही विवरण में उल्लेखित बिन्दुओं पर समयसीमा में कार्यवाही कर दिनांक 01.07.2025 से समस्त शासकीय/अशासकीय विद्यालय का पंजीयन एवं खिलाड़ी छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन पंजीयन/नॉमिनेशन की प्रक्रिया शुरू करने का कष्ट करें।

संचालक
लोक शिक्षण म0प्र0।